# आये रंग लगाने राम नाम का | By Varsha Shrivastava

आये रंग लगाने राम नाम का
बजरंगी हमारे .......
राम हैं मन में, राम हैं तन में
राम ही राम बसे जीवन में
पूरी वीणा पे सुनाये राम नाम का
बजरंगी हमारे .......
आये रंग लगाने राम नाम का
बजरंगी हमारे .......

सारी चिंताओं को मिटा दो
राम भक्ति का दीप जला दो
विनती है हनुमान जी तुमसे
चोला राम रंग में रंगा दो
तुम्ही से तो है मान राम नाम का
बजरंगी हमारे .......
आये रंग लगाने राम नाम का
बजरंगी हमारे .......

सीता माँ सिन्दूर लगाए
राम रंग माथे पे सजाएं
आये गुलाल लखन जी लेकर
राम के श्री चरणों पर चढ़ाएं
झूम रहे रस पीके राम नाम का
बजरंगी हमारे .......
आये रंग लगाने राम नाम का
बजरंगी हमारे .......

करो कृपा हनुमान लला तुम
राम चंद्र की अतुल कला तुम
हर आंधी से रक्षा करते
रहते बन के अजब शिला तुम
ना ही नाम लेते कभी आराम का
बजरंगी हमारे .......
आये रंग लगाने राम नाम का
बजरंगी हमारे .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-varsha-shrivastav/